# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– 1937 /15–1 दिनांक, प्रयागराज, दिसम्बर, 11 2023।

सेवा में,

प्राचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय
मेजा खास, प्रयागराज।

**ONLINE PROPOSAL NO: FP/UP/SCH/122782/2021**

विषयः– **जनपद प्रयागराज में जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज द्वारा गुनई गहरपुर मेजा, प्रयागराज से जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज कैम्पस तक पेय जल पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित 0.0311 हे0 आरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध मे।**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, लखलऊ का पत्रांक– 8बी/यू0पी0/08/31/2022/एफ0सी0/432, दिनांक 05.12.2023

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो आपको प्रतिलिपि है कि छाया प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है का अवलोकन करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज के तहसील मेजा अन्तर्गत गुनई गहरपुर मेजा, प्रयागराज से जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज कैम्पस तक पेय जल पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित 0.0311 हे0 आरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी उपयोग हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति (Principle approval) 23 शर्तों के साथ प्रदान की गयी है, जिसका अनुपालन प्रमाण–पत्र सहित नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज द्वारा किया जाना है।

अतः सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–2, 3 व 4 के अनुसार निम्नलिखित वांछित धनराशि ई–पोर्टल के माध्यम से ई–चालान द्वारा वन विभाग के Campa fund में जमा कर ई–रसीद उपलब्ध करायें।

1. **शर्त सं0–2 व 3** के अनुसार प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.0311 हे0 के दो गुने अर्थात 0.0311 × 2 = 0.0622 या 0.1 हे0 में 100 पौधों का रोपण एवं 10 वर्षो तक उसके रख–रखाव की धनराशि रू0 120104.00 ई–चालान के माध्यम से Campa fund में जमा कर ई–रसीद उपलब्ध करायें।
2. **शर्त संख्या–4** के अनुसार प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.0311 हे0 के NPV की धनराशि रू0 957780.00 प्रति हे0 की दर से रू0 29787.00 ई–चालान के माध्यम से Campa fund में जमा कर ई–रसीद उपलब्ध करायें।

अतः उपरोक्त धनराशि अलग–अलग Online ई–चालान के माध्यम से Campa fund में जमा कर हस्ताक्षरित ई–रसीद उपलब्ध करायें। साथ ही साथ समस्त शर्तो (1 से 23 तक) की अनुपालन रिपोर्ट भी प्रमाण–पत्र सहित Online Parivesh Portal पर Upload कराकर 04 प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध करायें, ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

संलग्नक–यथोपरि।

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– 1937 /समदिनांक।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक (वन संरक्षण) एवं नोडल अधिकारी वन विभाग, 17 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ, उ0प्र0।

प्रतिलिपि– वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज।

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

D:\Jawahar Navoday Vidaly File\Navoday Vidyalye File.docx

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– 1936/15–1 दिनांक, प्रयागराज, दिसम्बर, 11, 2023।

सेवा में,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
प्रयागराज।

**ONLINE PROPOSAL NO: FP/UP/SCH/122782/2021**

विषयः– **जनपद प्रयागराज में जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज द्वारा गुनई गहरपुर मेजा, प्रयागराज से जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज कैम्पस तक पेय जल पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित 0.0311 हे0 आरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध मे।**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, लखलऊ का पत्रांक– 8बी/यू0पी0/08/31/2022/एफ0सी0/432, दिनांक 05.12.2023

अवगत कराना है कि विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा 23 शर्तों के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है **(छाया प्रति संलग्न)**। सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–07 जिलाधिकारी, प्रयागराज से सम्बन्धित है, जिसमें निर्धारित प्रमाण पत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है कि पेय जल पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित हो रही आरक्षित वन भूमि 0.0311 हे0 पर वन अधिकार अधिनियम–2006 के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परम्परागत वन निवासियों के अधिकार प्रभावित नहीं होते हैं और न तो इनका कोई कब्जा है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत सन्दर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि उक्त प्रस्तावित पेय जल पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित हो रही आरक्षित वन भूमि 0.0311 हे0 पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासियों के अधिकार प्रभावित होने/न होने के सम्बन्ध में अपनी आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इस स्तर से अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

**संलग्नक–** यथोपरि।

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

संख्या 1936 / समदिनांक।

**प्रतिलिपिः–** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रयागराज से सम्पर्क कर उक्त अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करातें हुए वांछित आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करायें, ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

**(महावीर कौजलगी)**
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

D:\Jawahar Navoday Vidaly File\Navoday Vidyalya File.docx